Washim District Police

Nature of Work :- **Raid On IPL Cricket Satta**

Police Station :- **Risod**

Date of Good Work done :- **18/04/2022**

Brief of the work done :-

रिसोड येथे IPL क्रिकेट सामन्यावर सट्टा लावणाऱ्यांवर पोलिसांची धाड, गुन्हा दाखल, 4 आरोपींना अटक, लॅपटॉप व 8 मोबाईल जप्त.

सफलता | 46 सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई, 4 गिरफ्तार; एसपी बच्चन सिंह की सख्ती से सटोरियों में मचा हड़कम्प

मंगरुलपीर के बाद अब रिसोड़ में आईपीएल सट्टे का भंडाफोड़!

जिला प्रतिनिधि | वाशिम

जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह के नेतृत्व में स्थानीय अपराध शाखा के दल ने मंगरुलपीर के बाद अब रिसोड़ में भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टे पर एक और बड़ी कार्रवाई की। शनिवार को मुंबई इंडियंस तथा लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए मैच पर हार-जीत का सट्टा खेलते 46 सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सट्टा सामग्री व नकदी जब्त कर 4 सटोरियों को गिरफ्तार भी किया। पुलिस कप्तान की इस सख्त कार्रवाई से सम्पूर्ण जिलेभर में आईपीएल सट्टा किंग के साथही सटोरियों में भी दहशत का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि चार दिन पूर्व ही जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह के नेतृत्व में स्थानीय अपराध शाखा ने मंगरुलपीर में आईपीएल सट्टे का पर्दाफाश करते हुए 30 सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में सट्टा सामग्री समेत नकदी भी बरामद की थी। लेकिन इसके बावजूद सट्टा किंग व सट्टा खेलनेवाले बाज नहीं आ रहे हैं। उधर पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह भी चुप नहीं बैठे और अपने अधीनस्थ आला अफसरों तथा कर्मचारियों को सर्तक रहने के निर्देश दिए, जिसके कारण पूरा पुलिस महकमा चाक-चौबंद नजर आ रहा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसपी बच्चन सिंह ने जिले में अवैध व्यावसायियों के साथही अवैध रुप से क्रिकेट सट्टा चलानेवाले लोगों के विरुद्ध विशेष मुहिम शुरू की। इसी मुहिम के तहत शनिवार 16 अप्रैल को स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक को रिसोड़ शहर के रिसोड़-सेनगांव मार्ग पर स्थित संत तुकाराम नगर में मोबाइल फोन की सहायता से मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच शुरु क्रिकेट मुकाबले पर प्रत्येक रन, बालिंग, बैटिंग पर पैसे लगाकर सट्टा शुरु होने की गोपनीय सूचना मिली। इसी सूचना के आधार पर स्थानीय अपराध शाखा का दल रिसोड़ रवाना हुआ और दल ने दो पंचों को बुलाकर प्राप्त जानकारी देते हुए रिसोड़-सेनगांव मार्ग पर संत तुकाराम नगर स्थित विकास अरुण गिरी के निवास पर पहुंचे। विकास गिरी के मकान की ऊपरी मंजिल पर बंद कमरे में लाइट के उजाले में बैठकर चार लोग मोबाइल फोन की सहायता से मुंबई इंडियंस तथा लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबले पर सट्टा खेलते पाए गए। इस दौरान आरोपी किरण उर्फ गणेश घनश्याम सिकची (24) गैबीपुरा रिसोड़, नरेंद्र देवीदास बालाणी (27) गीतानगर अकोला वर्तमान निवासी एकता नगर कृष्णा फ्लोअर मिल के समीप रिसोड़, साईनाथ संतोष इरतकर (26) माली गली रिसोड़ व विकास अरुण गिरी (38) संत तुकाराम नगर रिसोड़ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आईपीएल क्रिकेट सट्टे के लिए इस्तेमाल किया जानेवाला एक लैपटाप व एक पेन ड्राइव, विविध कम्पनियों के 8 मोबाइल, दो रजिस्टर, दो एक्सटेंशन बाक्स, दो मोटर साइकिल और नकदी 950 रुपए समेत कुल 2 लाख 64 हजार 950 रुपए का माल बरामद किया। साथही मोबाइल द्वारा आईपीएल क्रिकेट सट्टा के मुख्य सूत्रधार व अन्य सट्टा लगानेवाले आरोपी समेत 42 फरार लोगों के विरुध्द रिसोड़ पुलिस स्टेशन में धारा 4, 5 महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंधक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया। मामले की जांच जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह के मार्गदर्शन में अपराध शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक अतुल मोहनकर कर रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान बच्चन सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक सोमनाथ जाधव, सहायक पुलिस निरीक्षक अतुल मोहनकर, हवालदार सुनील पवार, पुना प्रशांत राजगुरु, राजेश राठोड, पुकां निलेश इंगले, अविनाश वाढे, साइबर सेल के पुकां प्रशांत चौधरी के दल ने की।

मंगरुलपीर सट्टा मामले के फरार 12 गिरफ्तार• इसी प्रकार गत 12 अप्रैल को अपर पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के दल द्वारा मंगरुलपीर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मटका जुआ अड्डे पर रेड की थी। इस मामले के फरार आरोपियों में से 10 आरोपियों के नामों की पहचान कर 5 को तलाश कर गिरफ्तार किया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इसके अलावा मंगरुलपीर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थानीय अपराध शाखा के दल ने गत 12 अप्रैल को ही आईपीएल क्रिकेट सट्टे पर कार्रवाई की थी। मामले में फरार 12 आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार किया गया तथा अन्य फरार आरोपियों की तलाश शुरु है।